**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## कुलपति जी द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता

पन्तनगर। 05 अप्रैल 2023। विश्वविद्यालय में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान और प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ एक प्रेसवार्ता आयोजित की गयी। निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल द्वारा प्रेस वार्ता का शुभारम्भ करते हुए विश्वविद्यालय की गतिविधियों से सभी मीडिया प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर कुलपति डा. चौहान ने पंतनगर विश्वविद्यालय में हो रहे शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रसार कार्यों की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित करने पर मीडिया के प्रतिनिधियों की सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय में 29 अगस्त 2022 में स्वयं के योगदान देने के बाद गत छः माह में संपादित किये गये महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रकाश डाला जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के गत 2 वर्षों से लम्बित एक्रीडेशन का कार्य, गत पांच वर्षों से संकाय सदस्यों की प्रोन्नति लम्बित थी, को पूर्ण कराकर कुल 109 संकाय सदस्यों की प्रोन्नति की गयी। 6 से 7 वर्षों से शोध एवं प्रसार सलाहकार समितियों की बैठक नहीं हुई थी जोकि सम्पन्न कराया गया जिससे कि शोध एवं प्रसार कार्यों में गति लाई जा सके। 34वें दीक्षांत समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमें 2503 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी क्योंकि कोरोना के चलते पिछले दो वर्षों से विद्यार्थियों को डिग्रिया प्रदान नहीं की गयी थी।

उन्होंने बताया कि उनके एवं एन.डी.आर.आई., करनाल के वैज्ञानिकों द्वारा तीन वर्षों के प्रयासों से क्लोन द्वारा विकसित गाय की बछिया पैदा हुई जिसका नाम 'गंगा' रखा गया। उन्होंने जखराना बकरी की नस्ल को बढ़ावा देने पर बल दिया और उन्होंने कहा कि इस नस्ल की बकरी को सीमांत किसानों तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि वैज्ञानिकों की सहयोग से शैक्षणिक डेयरी फार्म नगला की गायों का खान–पान में बदलाव करके पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष दुग्ध उत्पादन में बढ़ोत्तरी की गयी है तथा विश्वविद्यालय द्वारा अब तक विभिन्न फसलों की 331 उन्नतशील प्रजातियां विकसित की गयी हैं। उनके द्वारा जी–20 के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार गोलमेज बैठक में मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के बारे में 'वन हेल्थ' कान्सेप्ट पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखा गया। उन्होंने 'अन्तर्राष्ट्रीय मोटे अनाज 2023' के बारे में भारत सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त किए 52000 हजार से अधिक विद्यार्थी देश ही नहीं वरन विदेशों में भी विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। कार्यक्रम के अंत में डा. जे.पी. जायसवाल द्वारा सभी मीडिया प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



*प्रेस वार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*